News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-225
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ

बिहार, रविवार, 01 दिसम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM




**आज का विचार**

उबाल इतना भी ना हो की खून सुख कर उड़ जाए, धैर्य इतना भी ना हो की खून जमे तो खौल भी ना पाए!

### नबीनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

# चार दिन पहले पैक्स चुनाव में पत्नी की हुई थी जीत






**पटना.** अपराधियों ने नबीनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह (48) की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना माली थाना क्षेत्र के सोनौरा पुल के पास की है। मृतक नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के अंकोरहा गांव के रहने वाले थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संजय सिंह नबीनगर के पूर्व प्रमुख राजेन्द्र सिंह के भतीजे हैं एवं इनकी पत्नी अभी वर्तमान में पैक्स अध्यक्ष की पद पर निर्वाचित हुई है।

**गाड़ी रुकवाकर कनपटी में मारी गोली**

घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह अपने कार में सवार होकर औरंगाबाद से बैरिया होते हुए घर लौट रहे थे। इस दौरान माली थाना क्षेत्र के सोनौरा पुल पर पहले से घात लगाकर बैठे अपराधियों ने उनकी कार को रुकवाया और कनपटी में सटाकर गोली मार दी। गोली लगते ही उनकी मौत हो गई। व्यापार मंडल अध्यक्ष के मौत की खबर इलाके में आग की तरफ फैल गई, जिसके बाद काफी संख्या में लोग जमा हो गए। फिलहाल मृतक का शव उनके आवास पर है तथा पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

**पैक्स चुनाव में पत्नी हुई थी विजयी**

जानकारी के अनुसार विगत 26 नवंबर को अंकोरहा पैक्स में हुई चुनाव में उनकी पत्नी मीना देवी अध्यक्ष बनी थी। चुनावी रंजिश में व्यापार मंडल अध्यक्ष के हत्या की चर्चा इलाके में है। ग्रामीणों का कहना है कि पैक्स चुनाव के मतगणना के बाद सोनौरा के पैक्स अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ब्रजेश मेहता के साथ भी उनकी कहा-सुनी हुई थी। व्यापार मंडल अध्यक्ष की मौत को लोग उक्त घटना से भी जोड़कर देख रहे हैं।

**पूर्व पैक्स अध्यक्ष से हुई थी कहा-सुनी**

ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में ब्रजेश मेहता सोनौरा पैक्स के अध्यक्ष थे। इस बार चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद वह अपने हार का कारण व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह को ही बता रहे थे। हालांकि पुलिस मौत से जुड़े सभी बिंदुओं पर गहन छानबीन कर रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया की जा रही है। घटना के बाद एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों का पता लगाया जा रहा है। किसी भी कीमत पर अपराधियों को बख्सा नहीं जाएगा। जल्द ही घटना को अंजाम देने वाले अपराधी पुलिस गिरफ्त में होंगे। इधर एसपी ने कहा कि इस घटना में जो भी लोग शामिल होंगे, उन्हें किसी भी कीमत पर नही छोड़ा जाएगा।

### कला और संस्कृति का अनूठा संग्रहः दिलीप जायसवाल

# बिहार...डाक टिकटों का संग्रहण केवल शौक नहीं बल्कि यह इतिहास

**बिहार डेस्क.** बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने शनिवार को कहा कि डाक टिकटों का संग्रहण केवल शौक नहीं बल्कि यह इतिहास, कला और संस्कृति का अनूठा संग्रह है।

डाक टिकटों का संग्रहण केवल शौक नहीं बल्कि यह इतिहास...डॉ. जायसवाल ने शनिवार को ज्ञान भवन में डाक विभाग द्वारा आयोजित डाक टिकट प्रदर्शनी बीपेक्स-2024 में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ''डाक टिकटों का संग्रहण केवल शौक नहीं बल्कि यह इतिहास, कला और संस्कृति का अनूठा संग्रह है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल डाक टिकटों के संग्रह की कला को प्रोत्साहित करना है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक घटनाओं, और समृद्ध विविधता को दर्शाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। प्रत्येक डाक टिकट अपने आप में एक कहानी समेटे हुए है, जो हमें अतीत से जोड़ती है और वर्तमान के साथ जोड़ने का कार्य करती है।

**जब हम एक डाक टिकट को देखते हैं तो...**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, ''जब हम एक डाक टिकट को देखते हैं तो हम न केवल उस पर छपी छवि या चित्र को देखते हैं बल्कि हम उस डाक टिकट के माध्यम से उस समय के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश को भी समझ सकते हैं। जैसा कि मुझे ज्ञात है कि



पिछले दो दिनों के आयोजन में स्वर कोकिला शारदा सिन्हा, बिहार के शक्तिपीठ, मंडन मिश्र शंकराचार्य शास्त्रार्थ, वेद और उपनिषद, मौर्यकालीन कला एवं सिक्कों पर विशेष आवरण जारी करके डाक टिकटों के माध्यम से आपने जो बिहार से जुड़ी कला संस्कृति और पहचान को साझा करने का कार्य किया है वह सराहनीय है।

**इस प्रदर्शनी में हम न केवल पुराने और दुर्लभ डाक टिकटों को देख रहे**

डॉ. जायसवाल ने देश के स्वतंत्रता सेनानी रामनाथ रस्तोगी व्याकुल से संबंधित डाक टिकट का विमोचन करने के लिए चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि बीपेक्स 2024 प्रदर्शनी में प्रदर्शित डाक टिकटों का संग्रह इस बात का प्रमाण है कि फिलेटली एक बहुमूल्य धरोहर है, जो किसी भी देश की पहचान, उसकी समृद्धि और उसकी ऐतिहासिक धरोहर को प्रकट करता है। इस प्रदर्शनी में हम न केवल पुराने और दुर्लभ डाक टिकटों को देख रहे हैं बल्कि यह एक प्रेरणा का स्रोत भी है, जो हमें आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए इस कला रूप को संरक्षित करने की प्रेरणा देती है।

### मुंगेर -बेगुसराय समेत 4 जिलों का करेंगे दौरा

# दिसंबर महीने के इस तारीख से शुरू होगी तेजस्वी यादव के चौथे चरण की संवाद यात्रा

**पटना.** बिहार में अगले साल विधानसभा का चुनाव होना है। ऐसे में इस चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल एड़ी-छोटी की जोड़ लगाने में लगी हुई है ताकि उनका परफोर्मेंस बेहतर है और जनता को उनके वादों पर भरोसा हो और उनके पक्ष में अपना मतदान करें और सत्ता कि कुर्सी पर बिठाए। ऐसे में राय के अंदर दुसरे नंबर की पार्टी राजद ने अपनी तैयारी को धार देने में लगी हुई है। इसी कड़ी में तेजस्वी यादव के यात्रा को लेकर ताजा अपडेट जारी किया गया है।



दरअसल, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव चार दिसंबर को मुंगेर से कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा की शुरूआत करेंगे। हालांकि, अभी इसकी औपचारिक घोषणा पार्टी की ओर से नहीं की गयी है, लेकिन यात्रा को लेकर तैयारी शुरू है। चौथे चरण की संवाद यात्रा को लेकर संबंधित जिलों में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के लिए बड़े हॉल की तलाश की जा रही है। दो जिले में हॉल उपलब्ध हुआ है। लेकिन अन्य जिलों में लगन के कारण बड़े हॉल की उपलब्धता में परेशानी हो रही है।

राजद सूत्रों के अनुसार, तेजस्वी यादव चार दिसंबर को मुंगेर, पांच दिसंबर को बेगूसराय, छह दिसंबर को खगड़िया और सात दिसंबर को लखीसराय में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम बनाया गया है। लखीसराय के संवाद कार्यक्रम में शेखपुरा के कार्यकर्ता भी शामिल रहेंगे। इसके साथ ही, मुंगेर प्रमंडल में तेजस्वी की यात्रा का समापन हो जाएगा। इसके बाद, पांचवें चरण की यात्रा का कार्यक्रम निर्धारित की जाएगी।

मालूम हो कि, इसके पूर्व तीसरे चरण की यात्रा के दौरान जमुई में रहने के दौरान झारखंड विधानसभा चुनाव एवं बिहार में चार विधानसभा सीटों के उपचुनाव की घोषणा होने के कारण यात्रा स्थगित कर दी गयी थी। वहां यात्रा को रोक कर वे रांची के लिए रवाना हो गए थे। उसके बाद तेजस्वी पार्टी के चुनाव प्रचार किया। ऐसे में पार्टी ने झारखंड में तो बेहतर परफोर्मेंस किया लेकिन बिहार में हालात सही नहीं रहे।

गौरतलब हो कि, पहले चरण में तेजस्वी यादव आठ दिन में चार जिला गए थे। तेजस्वी ने समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की थी। समस्तीपुर में तेजस्वी के सामने ही राजद कार्यकर्ताओं ने अपने विधायकों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इसके बाद तेजस्वी ने अपने विधायकों की क्लास की लगा दी थी।

### युवाओं का बढ़ाया हौसला

# रन फॉर नशा मुक्त बिहार में साइना नेहवाल ने लगाई दौड़

बिहार की राजधानी पटना में रविवार को नशा मुक्त बिहार बनाने को लेकर लंबी दौड़ का आयोजन किया गया। इस मैराथन का आयोजन बिहार सरकार के मद्य निषेध, उत्पादन और प्रबंधन विभाग के द्वारा किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने शिरकत की।

साइना नेहवाल ने इस मैराथन का शुरुआत झंडा दिखाकर किया। कार्यक्रम में बिहार के मद्य निषेध विभाग के मंत्री रत्नेश सदा भी मौजूद रहे। इस अवसर ने साइना नेहवाल ने कहा कि काफी अछा लगा कि इतने सारे लोग आज मैराथन में भागीदारी निभाएं। इस मैराथन का आयोजन जिस उद्देश्य के लिए किया गया था वह काफी सराहनीय है।

साइना नेहवाल ने कहा कि एक खिलाड़ी के तौर पर मैं यही बोल सकती हूं कि हमेशा स्वस्थ रहना चाहिए लेकिन आज यहां आकर मालूम हुआ कि अब हर कोई खुद को फिट रखना चाहता है। मेरा तो यही कहना कि यदि लाइफ अछा तो फिर सब कुछ अछा। इसके आगे उन्होंने कहा कि आज नशा मुक्त भारत हो रहा है तो इससे बड़ी बात क्या होगी हम जितना खुद को फिट रखेंगे उतना ही अछा महसूस करेंगे। पटना के गांधी मैदान में रन फ़ॉर नशा मुक्त




बिहार मैराथन के आयोजन में काफी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। इस मैराथन को चार राउंड में बांटा गया था। आज के इस मैराथन में सबसे लंबी दौड़ 41 किलोमीटर की रखी गयी थी वही दूसरे राउंड के दौर को 21 किलोमीटर का रखा गया था। तीसरे राउंड की दौड़ 11 किलोमीटर की थी तो वहीं चौथे राउंड की दौड़ 5 किलोमीटर की था। पूरे बिहार से इस मैराथन में 10000 लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया था।

इधर, इस अवसर पर डीजे ओली का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। डीजे ओली की प्रस्तुति पर पटनावासी खूब थिरके। दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। वहीं मुख्य अतिथि बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने बिहार के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस मैराथन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया काफी अछा लगा।साइना ने कहा कि अगर स्वास्थ्य अछा है तो सब कुछ अछा हो सकता है. उन्होंने लोगों को फिट रहने की सलाह दी।

### बिहार को मिला इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2024

# 14वें वैश्विक खेल शिखर सम्मेलन में मिला पुरस्कार

बिहार को इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2024 मिला है। देश की प्रतिष्ठित संस्था फिक्की (फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज) की ओर से बिहार इमर्जिंग स्टेट प्रमोटिंग स्पोर्ट्स श्रेणी में यह पुरस्कार दिया गया। यह 14वें वैश्विक खेल शिखर सम्मेलन का हिस्सा है। शनिवार शाम को दिल्ली स्थित फिक्की के कमीशन हॉल में समारोह का आयोजन हुआ। इसमें बिहार राय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने पुरस्कार ग्रहण किया।

**खेल में बढ़ रही बिहार की भागीदारी**

खेल के क्षेत्र में बिहार की निरंतर बढ़ती भागीदारी, बेहतर प्रयास और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के बेहतर और सफल आयोजन के मद्देनजर बिहार को इस वर्ष इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2024 के लिए चुना गया है। खेल और खेल उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठित लोगों के निर्णायक मंडल द्वारा इस सम्मान के लिए व्यक्ति और राय को चुना जाता है। निर्णायक मंडल के अध्यक्ष प्रो कबड्डी लीग के सह संस्थापक चारु शर्मा हैं।

**निर्णायक मंडल में यह लोग हैं शामिल**

बिहार खेल प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि खेल और खेल उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठित लोगों के निर्णायक मंडल द्वारा इस सम्मान के लिए व्यक्ति और राय को चुना जाता है। निर्णायक मंडल के अध्यक्ष प्रो कबड्डी लीग के सह संस्थापक चारु शर्मा हैं। प्रसिद्ध खेल पत्रकार विजय लोकपल्ली,जीएमआर स्पोर्ट्स के अध्यक्ष पी के एस सागर ,मानव रचना समूह के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला ,भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व महाप्रबंधक अमृत माथुर, एसएआई के कार्यकारी निदेशक मंजूश्री दयानंद ,ड्रीम 11 के कॉर्पोरेट मामले समूह जनरल काउंसल के अध्यक्ष दीपक जैकब, खेल पत्रकार एंकर सोनाली चंदर, चारु शर्मा, जूरी की अध्यक्ष - सह संस्थापक पीकेएलविजय लोकपल्ली - खेल पत्रकारपी के एस वी सागर - अध्यक्ष, जीएमआर स्पोर्ट्सडॉ. अमित भल्ला - उपाध्यक्ष, मानव रचना समूहअमृत माथुर - पूर्व महाप्रबंधक, भारतीय क्रिकेट टीममंजूश्री दयानंद - कार्यकारी निदेशक, एसएआईदीपक जैकब - अध्यक्ष, कॉर्पोरेट मामले समूह जनरल काउंसल, खेल एंकर पत्रकार शामिल हैं।

### सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत

# अनियंत्रित होकर ट्रेक्टर में मारी ठोकर...

**नवादा.** नवादा में अनियंत्रित मोटरसाईकिल सवार ने एक ट्रैक्टर में पीछे में टक्कर मार दी। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार दोनों छात्रों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधौल स्थित कृति पेट्रोल पंप के सामने राष्ट्रीय उच पथ संख्या 20 फोरलेन पर हुई। मृतक छात्रों की पहचान पार नवादा अंबेडकर नगर निवासी अर्जुन साव के पुत्र आर्यन राज उर्फ हर्ष कुमार (16) और अंबेडकर नगर के दांगी टोला निवासी अरविंद गिरी के पुत्र सूर्यांश गिरी (16) के रूप में की गई है। दोनों शहर के संत जोसेफ स्कूल के दसवीं क्लास के छात्र थे। दोनों छात्र अगले वर्ष सीबीएसई बोर्ड से मैट्रिक की परीक्षा देनेवाले थे।